# उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)

पो0ऑ0 – रामनगर (नैनीताल), उत्तराखण्ड, पिन कोड–244715

**फोन नं0: (05947)-252276, 254275, फैक्स नं0 : (05947)-255021, 252276**

email : **secy-ubse-uk@nic.in** वेबसाइट : **www.ubse.uk.gov.in**


## राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती हेतु स्क्रीनिंग परीक्षा 2021

1. राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवक्ता एवं स0अ0 (एल0टी0) पदों पर तैनाती हेतु स्क्रीनिंग परीक्षा 2021 निम्न कार्यक्रमानुसार राज्य के 02 शहरों (देहरादून एवं हल्द्वानी) में बने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होगी। गढ़वाल मण्डल में कार्यरत अध्यापकों के लिये परीक्षा केन्द्र देहरादून एवं कुमायूं मण्डल में कार्यरत अध्यापकों के लिये परीक्षा केन्द्र हल्द्वानी (नैनीताल) में होंगे। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन हेतु कोई प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

2. परीक्षा निम्न कार्यक्रमानुसार सम्पादित की जायेगी–

| क्र0सं0 | परीक्षा का नाम | परीक्षा तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षकों **प्रवक्ता** की तैनाती हेतु स्क्रीनिंग परीक्षा 2021 | **15 जुलाई 2021** (बृहस्पतिवार) | प्रातः 11:00 बजे से 12:00 बजे तक |
| 2 | राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षकों **स0अ0 (एल0टी0)** की तैनाती हेतु स्क्रीनिंग परीक्षा 2021 | | |

3. **परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु परीक्षा से पूर्व आवेदक अपना प्रवेशपत्र** परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** के **DEPARTMENTAL EXAM/UTET** ऑइकॉन से **अपने नाम व जन्मतिथि** (जैसा आवेदन–पत्र में अंकित किया गया है) अथवा **Employee ID भर कर डाउनलोड कर सकेंगे**। आवेदक को प्रवेशपत्र पर नियत स्थान पर अपनी नवीनतम फोटो चस्पा करनी होगी एवं फोटो की एक समान प्रति परीक्षा तिथि को परीक्षा से पूर्व परीक्षा केन्द्र को भी उपलब्ध करानी होगी। **परीक्षा केन्द्र पर प्रवेशपत्र के साथ आवेदक को अपनी पहचान के रूप में अपना आधार कार्ड अथवा पैन कार्ड भी अनिवार्यतः प्रस्तुत करना होगा।**

4. परीक्षा के संबंध में निर्गत उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या : 1157/XXIV-B-1/2021-02(01)/2020 टी0सी0 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–1 देहरादून : दिनांक 17 मार्च 2021 के क्रम में अभ्यर्थियों के अंग्रेजी कौशल एवं ज्ञान के परीक्षण हेतु स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की जायेगी।

5. परीक्षा में **अंग्रेजी कौशल एवं ज्ञान के परीक्षण से सम्बन्धित** वस्तुनिष्ठ 60 **(बहुविकल्पीय प्रश्न)** प्रश्न होंगे। **परीक्षा की अवधि 01:00 घण्टा होगी। स्क्रीनिंग परीक्षा अभ्यर्थी के अंग्रेजी भाषा के कौशल, समझ, सामान्य व्यावहारिक व व्याकरणीय ज्ञान तथा अंग्रेजी भाषा में सम्प्रेषण क्षमता एवं दक्षता पर आधारित होगी।** स0अ0 एवं प्रवक्ता पद की स्क्रीनिंग परीक्षा हेतु अलग–अलग प्रश्नपत्र होंगे। सभी विषयों हेतु प्रश्नपत्र का स्वरूप/विषय सामग्री एक सी होगी। प्रश्नपत्र केवल अंग्रेजी भाषा में होगा। उत्तर पत्रक के रूप में परीक्षा में ओ0एम0आर0 शीट का प्रयोग किया जायेगा।

6. परीक्षा में ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) का प्रयोग किया जायेगा। प्रत्येक प्रश्न के चार संभावित उत्तर दिये गये होंगे। इनमें से **एक ही उत्तर सही/सबसे उपयुक्त उत्तर** होगा। **परीक्षार्थी को दिये गये चार विकल्पों में से सही उत्तर** का चयन कर उसे ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में अंकित करना होगा। **प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा।**
   - प्रत्येक **प्रश्न का सही उत्तर अंकित करने पर एक अंक** एवं गलत उत्तर अथवा एक से अधिक उत्तर अंकित करने अथवा त्रुटिपूर्ण ढंग से उत्तर अंकित करने पर शून्य (Zero) अंक प्रदान किया जायेगा। **ऋणात्मक अंक (Nagetive Mark) नहीं दिये जाएंगे।**
   - *अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा के समय निर्गत ओ0एम0आर0* उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) में गलत सूचना अंकित करने, गलत अनुक्रमांक भरने, प्रश्न पुस्तिका सीरीज (सेट) आदि अंकित न

करने की स्थिति में उसका मूल्यांकन नहीं किया जायेगा एवं इस संबंध में प्राप्त होने वाले किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

- अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा के समय निर्गत ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) में अंकित सूचनाओं यथा अनुक्रमांक, प्रश्न पुस्तिका सीरीज (सेट) आदि विकल्प पर किये गये गोले के आधार पर ही उसका मूल्यांकन किया जायेगा। इस संबंध में प्राप्त होने वाले किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। इसलिये आवश्यक है कि अभ्यर्थी प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) में दिये गये महत्त्वपूर्ण निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और उनका अनुसरण करें।

**7.** परीक्षा सम्पन्न होने के बाद परिषद् द्वारा उत्तर–कुंजी (Answer Key) परिषद् की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी। यदि किसी परीक्षार्थी को परिषद् द्वारा जारी उत्तर–कुंजी (Answer Key) के किसी उत्तर पर आपत्ति होगी तो वह परिषद् को निर्धारित अवधि के अंतर्गत **सप्रमाण दावा/आपत्ति भेज सकता है। बिना प्रमाण एवं निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा उसे अमान्य किया जायेगा।** प्राप्त दावा/आपत्ति का विषय विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण कर निराकरण किया जायेगा। दावा/आपत्ति सही पाये जाने पर उत्तर–कुंजी (Answer Key) में तद्नुसार आवश्यक संशोधन या निरसन के पश्चात अंतिम उत्तर–कुंजी (Answer Key) तैयार कर परीक्षाफल का निर्माण किया जायेगा। **परिषद् द्वारा जारी अंतिम उत्तर–कुंजी (Answer Key) पर किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा।**

**8.** ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) की स्केनिंग एवं आपत्ति निराकरण के उपरांत अंतिम उत्तर–कुंजी (Answer Key) के आधार पर परिषद् द्वारा परीक्षाफल तैयार कर घोषित किया जायेगा।

**9.** ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) का मूल्यांकन मशीन से किया जाता है, अतः ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) की पुनर्गणना/पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं होगा। **पुनर्मूल्यांकन एवं सन्निरीक्षा (स्क्रूटनी) हेतु कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।** परीक्षा में प्रयुक्त ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) की कार्बन प्रति एवं प्रश्नपुस्तिका अभ्यर्थी को अपने साथ ले जाने की अनुमति होगी।

**10. अभ्यर्थी द्वारा स्क्रीनिंग परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर राज्य स्तर पर प्रत्येक पद/विषय हेतु पृथक–पृथक योग्यता सूची तैयार की जायेगी।** अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के अवरोही क्रम में योग्यता सूची तैयार की जायेगी। योग्यता सूची तैयार करते समय यदि दो या अधिक अभ्यर्थी बराबर अंक प्राप्त करते हैं तो ऐसी स्थिति में **(i)** ज्येष्ठ आयु वाले अभ्यर्थी को प्रवीणताक्रम में ऊपर रखा जायेगा, यदि आयु भी बराबर हों तो **(ii)** आयु बराबर होने पर उनके नाम वर्णमाला (अंग्रेजी) क्रम वाले अभ्यर्थी को ऊपर रखा जायेगा।

11. संबंधित पद/विषय में उपलब्ध स्थानों की संख्या का निर्धारण निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) उत्तराखण्ड द्वारा किया जायेगा।

**12.** माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित कराया जायेगा। परीक्षा के उपरांत् अभ्यर्थियों की अर्हता की जॉच माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा की जायेगी।

**13.** ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक (OMR Answer Sheet) सहित परीक्षा के अभिलेख परीक्षा आयोजन तिथि से एक वर्ष की अवधि तक संरक्षित रखे जायेंगे एवं तत्पश्चात इन्हें विनष्ट (वीड–आउट) कर दिया जायेगा।

09/07/2024

**(सी0पी0 रतूड़ी)**
उप सचिव
उ0वि0शि0 परिषद
*रामनगर (नैनीताल)।*

09/7/2024

**(बी0एम0एस0 रावत)**
अपर सचिव
उ0वि0शि0 परिषद
*रामनगर (नैनीताल)।*

09/07/24

**(डॉ0 नीता तिवारी)**
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद
*रामनगर (नैनीताल)।*